बच्चों को अच्छे-बुरे स्पर्श की दी जानकारी

- सुरक्षित बचपन अभियान में जिलेभर के 13 स्कूलों के बच्चों को किया जागरूक
- चित्रकला प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

गया जी, हिन्दुस्तान संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 26 से 31 अक्तूबर तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में चलाए गए सुरक्षित बचपन अभियान का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन गया और शेरघाटी क्षेत्र के 13 विद्यालयों में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. राकेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देश और प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास की देखरेख में कार्यक्रम हुए। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

गया शहर के सात तथा शेरघाटी और आमस के छह विद्यालयों में न्यायिक पदाधिकारियों ने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, अच्छे-बुरे स्पर्श की पहचान, यौन शोषण से बचाव, बाल विवाह और बाल उत्पीड़न से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। बच्चों को किसी भी तरह के शोषण के खिलाफ आवाज उठाने और अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा: सभी विद्यालयों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान विषय आधारित चित्रकला और ड्राइंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, पारा विधिक स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने भाग लिया। अभियान के समापन पर बच्चों को सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण में बचपन जीने का संदेश दिया गया।

प्रधानाध्यापक उमेश को लोगों ने दी विदाई

फतेहपुर। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं और ग्रामीणों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया।

पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह ने कहा कि शिक्षक के दिए संस्कार और शिक्षा हमेशा समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उमेश कुमार ने अपने कार्यकाल में विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास किया। सांसद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, पूर्व जिला पार्षद नागेंद्र यादव आदि रहे।

गोष्ठी: अभिभावकों-बच्चों को बताया गया स्वच्छता का महत्व

स्वच्छता हमारी संस्कृति थीम पर इस बार हुई शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी

गया जी, निज प्रतिनिधि। जिले के सभी सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक हुई। प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को होने वाली पीटीएम को लेकर स्कूलों से लेकर अभिभावकों में विशेष तैयारी की। किसी विद्यालय में पहले तो किसी में लंच के बाद बैठक हुई। बैठक में महिला अभिभावकों की संख्या अधिक रही।

इस बार की गोष्ठी का मुख्य थीम 'स्वच्छता हमारी संस्कृति' रहा। बैठक में साफ-सफाई के साथ बच्चों की पढ़ाई की स्थिति और उनके शैक्षणिक से लेकर समग्र विकास की बातों पर जोर दिया गया। छात्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व जिम्मेवारी भावना विकसित करने तथा विद्यालय और समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर गोष्ठी हुई।

शहर के चांदचौरा प्राथमिक विद्यालय, खरखुरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय (फकीरा स्कूल), फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालय, सोहजना सहित अन्य प्राथमिक विद्यालयों में गोष्ठी हुई। चांदचौरा प्राथमिक विद्यालय में करीब 11 बजे से गोष्ठी हुई। गोष्ठी में शिक्षकों ने बताया कि इस वक्त दीपावली को लेकर घरों की साफ-सफाई चल रही है। सफाई हमारी संस्कृति का हिस्सा है। विद्यालय, घर के साथ आसपास भी सफाई रखने को कहा गया। अभिभावकों से कहा गया कि वे बच्चों के स्कूल ड्रेस की सफाई पर ध्यान रखें। रूमाल देकर विद्यालय भेजें।

साबुन से हाथ धोकर की खाना खाने को कहे। गोष्ठी में प्रधान शिक्षक चंदन कुमार, शिक्षक राकेश कुमार, राजेश कुमार, अमरेश प्रसाद व मोनिका सिन्हा सहित आभा देवी, गुड़िया देवी, रेणु देवी, बबीता देवी व सचिव कुसुम देवी सहित बच्चे शामिल रहे। प्राथमिक विद्यालय, सोहजना में प्रधान शिक्षक दिव्या राणा व शिक्षक गोलू कुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में गोष्ठी हुई। प्रधान शिक्षक दिव्या राणा ने बताया कि स्वच्छता, जल व पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों को लेकर अभिभावकों को बताया गया। ई-कचरा, अकादमिक प्रगति, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। अभिभावक सुंदरी देवी, सरोज देवी, रीना देवी, रूबी देवी, सोनी देवी आदि को छात्रों को नियमित विद्यालय भेजने, घर पर पढ़ाई के अलग जगह निर्धारित करने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया।



प्राथमिक विद्यालय सोहजना में शनिवार को आयोजित गोष्ठी में शामिल अभिभावक, शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

बोधगया। बोधगया नगर परिषद के पड़रिया मध्य विद्यालय में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानाध्यापक मो. जाहिद परवेज, सहायक शिक्षक कुंदन कुमार और प्रदीप प्रसाद ने कचरा प्रबंधन का महत्व बताया। विद्यार्थियों को स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में नियमित भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और गृहकार्य पर ध्यान देने के साथ उनमें स्वच्छता और अनुशासन की आदत विकसित करने में सहयोग मांगा।

नियमित बाल दाढ़ी कटवाने के लिए बच्चों को किया प्रेरित

डुमरिया। प्रखंड के मध्य विद्यालय इस्लामपुर, कसियाडीह सहित अन्य विद्यालयों में शनिवार को 'स्वच्छता हमारी संस्कृति' थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित करने और स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा हुई। अभिभावकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। बच्चों को नियमित नाखून-बाल कटवाने, साफ कपड़े पहनने और विद्यालय परिसर स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह, अर्चना कुमारी और अताउल्लाह खान आदि रहे।

सूक्ष्म अवलोकन से ही सार्थक अनुसंधान संभव

टिकारी। सावधानीपूर्वक अवलोकन और वैज्ञानिक जिज्ञासा सार्थक अनुसंधान के आधार हैं। सूक्ष्म अवलोकन से अक्सर वैज्ञानिक समस्याओं की पहचान होती है, जो आगे चलकर अनुसंधान, वित्तपोषण और नई खोजों का मार्ग प्रशस्त करती हैं। युवा शोधार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ अपने आसपास की घटनाओं का अवलोकन और विश्लेषण करना चाहिए। उक्त बातें पद्मश्री प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में कहीं।

'इमर्जिंग एनवायरनमेंटल चैलेंजेज जैपर्डाइजिंग पब्लिक हेल्थ: पॉलिसी इंटरवेंशन्स फॉर रेजिलिएंट सोसाइटीज' (ईईसीएच-पीआईआरएस 2026) विषय पर आयोजित सम्मेलन में प्रो. सिन्हा ने अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी यात्रा साझा की। श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कटरा और नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व कुलपति प्रो. सिन्हा ने गंगा नदी की डॉल्फिन के संरक्षण में अपने अग्रणी कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने प्रत्येक चुनौती को खोज और नवाचार के अवसर के रूप में देखने पर जोर दिया।

आपातकालीन स्थिति में सहायता देने की ट्रेनिंग

बोधगया। आईआईएम बोधगया में शनिवार को सीपीआर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की जान बचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में 250 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

संस्थान की सीएसआर कमेटी प्रगति की पहल पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मेडिवर्सल हेल्थकेयर और संस्थान के चिकित्सा केंद्र धन्वंतरि के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सीपीआर की जानकारी देने के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों ने मैनिकिन पर छाती दबाने की तकनीक का अभ्यास कराया। साथ ही मेडिकल इमरजेंसी के दौरान घबराहट पर काबू पाने और टीम के साथ समन्वय बनाकर जरूरतमंद की मदद करने के तरीके बताए। संस्थान की निदेशक डॉ. विनिता एस. सहाय के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल में प्रगति के अध्यक्ष प्रो. सुरेश के. जी. और उपाध्यक्ष प्रो. अजित टॉम जेम्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यार्थियों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने के साथ आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी सहायता देने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कार्यक्रम हुआ।

ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरी छात्रा, बची जान

गया जी। गया जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर शनिवार को ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत आरपीएफ जवान ने अपनी सूझबूझ और तत्परता से एक छात्रा यात्री की जान बचा ली। घटना आसनसोल-वाराणसी फास्ट पैसेंजर (13553) की है। बताया गया कि निर्धारित ठहराव के बाद ट्रेन खुलने लगी। इसी दौरान पार्सल कार्यालय के सामने तीन छात्राएं मना करने के बावजूद चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगीं। इस दौरान एक महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म पर गिरकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच जाने लगी।

ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के प्रधान आरक्षी सुजित कुमार सिंह ने तत्काल महिला को खींचकर सुरक्षित दूरी पर कर दिया। इससे संभावित गंभीर हादसा टल गया। पूरी घटना प्लेटफॉर्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। महिला की पहचान औरंगाबाद जिले के रफीगंज निवासी वहीदा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वह मिर्जा गालिब कॉलेज से क्लास कर घर लौट रही थीं। छात्रा की जान बचने पर लोगों ने जवान को बधाई और शाबशी दी।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!
punjab national bank ...the name you can BANK upon!

ब्रांच ऑफिस: सीओ-एसएएम सर्किल ऑफिस गया
(आरजे पैलेस, राय काशी नाथ मोड़, गया)
ईमेल: cogayasamd@pnb.co.in

अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस।

एतदद्वारा आम जनता और खास तौर पर कर्जदारों और गारंटीदाताओं को नोटिस दिया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति, जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार ने ले लिया है को "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है", और "वहां जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे दी गई तालिका में वर्णित तिथि को बेच दिया जायेगा ताकि संबंधित कर्जदारों और गारंटीदाताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार का बकाया की वसूली की जा सके। आरक्षित मूल्य और जमा धरोहर राशि निम्न तालिका में संबंधित संपत्तियों के समक्ष दी गई अनुसार होगी।

प्रतिभूत परिसंपत्तियों की अनुसूची

क्र. सं.	(क) शाखा का नाम; (ख) खाता का नाम; (ग) कर्जदार/गारंटीदाता के खाते का नाम और पता	बंधक अचल संपत्तियों का विवरण / स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधकदाता]	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस की तारीख (ख) 13 (2) नोटिस की तारीख तक बकाया रकम (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तारीख (घ) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक	(क) आरक्षित मूल्य (रु. लाख में) (ख) ईएमडी (ग) बोली वृद्धि रकम	ई-नीलामी की तिथि/समय	प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात भार का विवरण
1.	(क) शाखा- जमुआवन, गया (ख) मैसर्स शिव गुरु राईस मिल एंड शिव गुरु ट्रेडर्स, प्रोप.- श्री राजीव कुमार पुत्र श्री सुखदेव सिंह (ग) मैसर्स शिव गुरु राईस मिल एंड शिव गुरु ट्रेडर्स, प्रोप.- श्री राजीव कुमार पुत्र श्री सुखदेव सिंह पता- ग्राम-धनधर जगतपुर, गया, जिला- गया, बिहार-805130	श्री राजीव कुमार पुत्र सुखदेव सिंह द्वारा निष्पादित, पंजीकृत बंधक विलेख सं. 25178 दिनांक 20.10.2023 द्वारा कवर्ड संपत्ति, जिसका खाता सं.-25, प्लॉट सं.- 321, 322, एरिया-18 डिसमिल, थाना सं.-250 है। मौजा-जगतपुर, थाना- अतरी, जिला- गया में स्थित है। परिसीमा: उत्तर: बैठ नाथ सिंह, दक्षिण: आटा मिल, पूर्व: सड़क, पश्चिम- बैठ नाथ सिंह।	(क) 20.11.2025 (ख) बकाया रकम- रु. 68,77,768.00 (अड़सठ लाख सतहत्तर हजार सात सौ अड़सठ रुपये मात्र), दिनांक 31.10.2025 तक साथ ही दिनांक 01.11.2025 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक। (ग) 17.03.2026 (घ) सांकेतिक कब्जा	(क) 1. रु. 49,67,000/- 2. रु. 4,96,700/- 3. रु.10,000/-	03.12.2026 सुबह 11:00 से शाम 4:00 बजे तक	शून्य

नियम एवं शर्तें

यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में बताए गए नियम एवं शर्तों और निम्नवर्णित आगामी शर्तों के तहत होगी:
1. संपत्तियों को "जैसी है जहाँ है" और "जैसी है जो है" और "वहां जो कुछ भी है" आधार पर बेची जा रही हैं।
2. उपरोक्त अनुसूची में वर्णित प्रतिभूत संपत्ति का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के हिसाब से दी गई है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलतबयानी या चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर दिए गए ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के जरिए दि. 03.12.2026 को सुबह 11:00 से शाम 4:00 बजे तक की जाएगी। बिक्री की पूरी नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

बिद्या नंद मिश्रा
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक
प्रतिभूत लेनदार
मोबाइल: 9051446655

दिनांक: 01.11.2026
स्थान: गया

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा
सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक बिक्री नोटिस

नामांकन सूचना — सत्र 2026-28
ज्ञान प्रकाश कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, गया
नैक से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय | बी.एड. एवं डी.एल.एड. कॉलेज
चिरैला, पो०-खरहरी (मानपुर), जिला- गया (बिहार) 805131
Recognised by NCTE (Govt. of India) & Affiliated to Magadh University, Bodh-Gaya & Bihar School Examination Board, Patna.
डी.एल.एड. स्पॉट नामांकन
डी.एल.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 उत्तीर्ण वैसे छात्र-छात्राएं जिनका नामांकन अब तक नहीं हो सका है नामांकन के लिए महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क करें।
Contact No:- 8210762622, 7488890455 प्राचार्य

CREANE MEMORIAL HIGH SCHOOL
(Affiliated with CBSE)
Katari Hill Road, Gaya, Bihar - 823001
WE'RE HIRING TEACHERS — Join our team of dedicated educators!
AVAILABLE POSITIONS
PGT POST • Business Studies
TGT POST • Hindi • Social Science
PRT POST • All Subjects
QUALIFICATIONS & REQUIREMENTS
PGT: M.Com with B.Ed. and a minimum of 3 years' experience.
TGT: B.A. with B.Ed. and a minimum of 2 years' experience.
PRT: Any graduate with B.Ed. and a minimum of 2 years' experience in CBSE schools.
Preferred: Fluent English communication.
Preferred: Creative, hardworking and innovative candidates.
HOW TO APPLY
Interested candidates may submit an updated resume along with certificates via email or through the school website.
Email: principal.office@creaneschool.com | Contact: 0631-2228816, 9709595225
IMPORTANT DATES
Apply within 7 days of the advertisement.
Mode: Email, School Office, speed post and school website: http://creaneschool.com
CREANE MEMORIAL HIGH SCHOOL GAYA, BIHAR

नवोदय विद्यालय समिति
(क्षेत्रीय कार्यालय - पटना)
शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा साक्षरता विभाग) भारत सरकार

विज्ञापन क्रमांक 01/2026-27

पूर्णतः संविदा आधार पर सत्र 2026-27 (2nd Phase) हेतु छात्रावास अधीक्षक (Hostel Superintendents) (महिला) और (Counselor) (पुरुष/महिला) की सेवाएँ लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की सूचना नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के अंतर्गत बिहार, झारखण्ड एवं बंगाल के जवाहर नवोदय विद्यालयों में (Hostel Superintendents) (महिला) और (Counselor) (पुरुष/महिला) के लिये योग्य उम्मीदवारों से अनुबंध आधार पर सेवायें प्राप्त करने हेतु आनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पात्रता मापदंण्ड एवं अधिक जानकारी के लिये नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के वेबसाईट -
https://navodaya.gov.in/nvs/ro/Patna/en/home/index.html
or
Link for apply Online (Hostel Superintendent-Female)
https://supschooms.in
Link for apply Online (Counselor-Male/Female)
https://crschooms.in
का अवलोकन करें | इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 02 नवम्बर 2026 को प्रातः 9.00 बजे से 17 नवम्बर 2026 के रात्रि 12.00 बजे तक आवेदन कर सकते है।

उपायुक्त



JAI ALANKAR JEWELLERS
PURITY ASSURED
MUZAFFARPUR
Purani Bazar, Sonarpatti Mushahari
M: 70703 08444
GAYA
Shiv Bhawan, Sawaraj Puri Road Opp. KL Gupta Hero Showroom
M: 70334 57444
PATNA
S.R. Complex, R.P.S. More, Bailey Road
M: 70334 56444
5-Alankar Palace Boring Road, Patna
M: 70334 43444